SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2023-24
CLASS NOTES

CLASS: 4 SUBJECT: HINDI
Prepared By: DEEPIKA MEHRA LESSON-(व्याकरण-पाठ -११ हमारी ज़िम्मेदारी)

प्रश्न -१) शब्दार्थ तथा श्रुतलेख पाठ्यपुस्तक प्रतिभा में से लिखिए |

प्रश्न-२) दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए |

अ) ज़िम्मेदारी – कर्तव्य

वाक्य – सफ़ाई रखना हम सबकी ज़िम्मेदारी है |

आ) स्वास्थ्यकेंद्र – सेहत से जुड़ा केंद्र

वाक्य- स्वास्थ्यकेंद्र के लोग मक्खी तथा मच्छर न फैले इसलिए दवा का छिड़काव कर रहे है |

इ) स्वच्छ – साफ़

वाक्य – हमें अपना घर तथा वातावरण स्वच्छ रखना चाहिए |

प्रश्न -३) खाली –जगह भरिए |

अ) मक्खी तथा मच्छरों से रोग न फैले इसलिए **दवा** का छिड़काव करना चाहिए |

आ) बीमारियाँ फैलने में **गंदगी** का बहुत बड़ा हाथ होता है |

इ) स्वास्थ्य **कर्मचारी** मोहल्ले और कॉलोनियों में जाते है |

प्रश्न -४) एक वाक्य में उत्तर लिखिए |

अ) रजत ने अपनी बालकनी में क्या देखा ?

उत्तर- रजत की नजर कुछ लोगो पर पड़ी जो नालियों में कुछ छिड़काव कर रहे थे |

आ) पार्क कैसा बन गया ?

उत्तर- पार्क एक स्वच्छ पार्क बन गया |

प्रश्न -५) दो –तीन वाक्य में उत्तर लिखिए |

अ) स्वास्थ्य कर्मचारी नालियों और गंदगी वाली जगहों पर दवाइयों का छिड़काव क्यों करते है ?

उत्तर- स्वास्थ्य कर्मचारी नालियों और गंदगी वाली जगहों पर दवाइयों का छिड़काव इसलिए करते है ताकि मक्खी –मच्छर , कीड़े –मकोड़े व बीमारियों के कीटाणु मर जाएँ |

आ) रजत के दिमाग में किस तरह के सवाल उठ रहे थे ?

उत्तर- रजत के दिमाग में सफ़ाई और गंदगी को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे थे | वह इसी सोच में खोया था कि घर के साथ-साथ आस-पास की जगहों को कैसे साफ़ रखा जा सकता है ?

प्रश्न ६) विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए –

१) रजत ने गंदा ढेर किसे दिखाया और क्या बोला ?

उत्तर- रजत ने अपने दोस्तों को गंदा ढेर दिखाते हुए कहा , यहाँ हम खेलने नहीं आए हैं बल्कि गंदगी से फैलने वाली बीमारियों को साथ ले जाने आए हैं |

व्याकरण

प्रश्न ७) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –

१) स्वच्छ x अस्वच्छ २) आदान x प्रदान ३) वरदान x अभिशाप